SHREE TIRUPATI BALAJEE FIBC LTD.
(MANUFACTURER OF : FIBC / Jumbo Bags)
Corporate Office: STB House, E-34, HIG Colony, Indore-452003 (MP)
Ph.: (O) 0731-4061957, 4217400-30 (EPBX) FAX: 0731-4069782
E-mail: info@tirupatibalajee.com website: www.tirupatibalajee.com
Reg. Office : Plot No. A.P.-14, (Apparel Park) SEZ Phase-II, Industrial Area, Pithampur, Distt.-Dhar (MP)

TIRUPATI/NSE/2024-25 **Date: 02nd January, 2025**

To,
The Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot no. C/1,
G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai 400051 (M.H.)

NSE Symbol: TIRUPATI

Sub: Submission of copy of Newspaper clippings of Notice of 01/2024-25 Extra Ordinary General Meeting (EGM), Remote E-Voting and E-Voting at EGM and Book Closure.

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of Newspaper clippings of Notice of 01/2024-25 Extra Ordinary General Meeting (EGM), Remote E-Voting and E-Voting at EGM and Book Closure, published in "Free Press" (English Edition) and "Chautha Sansar" (Vernacular Language-Hindi Edition) on Thursday, 02nd January, 2025.

You are requested to please take on record the aforesaid document for your reference and further needful.

Thanking You,
Yours Faithfully

FOR SHREE TIRUPATI BALAJEE FIBC LIMITED

Binod Kumar Agarwal
Digitally signed by Binod Kumar Agarwal
Date: 2025.01.02 12:02:58 +05'30'

BINOD KUMAR AGARWAL
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00322536

Encl: Clipping of English and Hindi Newspaper

IMPACT OF WAR | **Ukraine halts transit as pre-war deal expires; Zelenskyy says will not allow Moscow to earn 'additional billions ... on our blood'**

RUSSIAN GAS TO EU STOPS

Agencies
MOSCOW/KYIV

Ukraine on Wednesday halted Russian gas supplies to European customers that pass through the country, almost three years into Moscow's all-out invasion of its neighbour, after a prewar transit deal expired on December 31.

Russian company Gazprom confirmed that gas exports via Ukraine to Europe stopped from 08:00 local time on Wednesday.

At a summit in Brussels last month, Ukrainian President Volodymyr Zelenskyy vowed that Kyiv would not allow Moscow to use the transits to earn "additional billions ... on our blood, on the lives of our citizens".But he briefly held open the possibility of the gas flows continuing if payments to Russia were withheld until the war ends.

Ukraine's energy minister, Herman Halushchenko, confirmed on Wednesday morning that Kyiv had stopped the transit "in the interest of national security."

"This is a historic event. Russia is losing markets and will incur financial losses. Europe has already decided to phase out Russian gas, and (this) aligns with what Ukraine has done today," Halushchenko said in an update on the Telegram messaging app.

Even as Russian troops and tanks moved into Ukraine in 2022, Russian natural gas kept flowing through the country's pipeline network — set up when Ukraine and Russia were both part of the Soviet Union — to Europe, under a five-year agreement. Gazprom earned money from the gas and Ukraine collected transit fees.

Before the war, Russia supplied nearly 40% of the European Union's pipeline natural gas. Gas flowed through four pipeline systems, one under the Baltic Sea, one through Belarus and Poland, one through Ukraine and one under the Black Sea through Turkey to Bulgaria.

After the war started, Russia cut off most supplies through the Baltic and Belarus-Poland pipelines, citing disputes over payment in rubles. The Baltic pipeline was blown up in an act of sabotage, but details of the attack remain murky.

The Russian cutoff caused an energy crisis in Europe. Germany had to shell out billions of euros to set up floating terminals to import liquefied natural gas that comes by ship, not by pipeline. Users cut back as prices soared. Norway and the US filled the gap, becoming the two largest suppliers.

The European Commission said the continent's gas system was "resilient and flexible" and that it could cope with the change. Europe has outlined plans to completely eliminate Russian gas imports by 2027.

Russia can still send gas to Hungary, Turkey and Serbia through the TurkStream pipeline across the Black Sea.

The Ukrainian transit route served EU members, Austria and Slovakia.

The Ukrainian transit route served EU members, Austria and Slovakia —AP

Syrian military posts for 6 foreign fighters

Agencies
DAMASCUS

Syria's new rulers have appointed several foreign fighters, including Uyghurs, a Jordanian, and a Turk, to the country's armed forces in a move to integrate rebel groups into a professional military structure, two Syrian sources said.

Of the 49 military roles announced by the Defence Ministry on Sunday, at least six were given to foreigners, including three ranked as brigadier-generals and three as colonels.

एक नजर

कड़कती ठंड में परिवार के साथ धरने पर संविदा कर्मचारी

भोपाल ,(निप्र)। कुक्कुट विकास निगम की 19 जुलाई 2024 को प्रमुख सचिव गुलशन बामरा की अध्यक्षता में बोर्ड की हुई बैठक में संविदा कर्मचारियों को सामान्य प्रशासन की विभाग की ओर से 22 जुलाई 2023 को जारी की गई संविदा नीति का लाभ देने का निर्णय लिया गया था। बोर्ड की बैठक में निर्णय हुए 6 महीने से अधिक होने के बावजूद कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि आदेश निगम ने जारी नहीं किए है। जिसके कारण निगम के संविदा कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संविदा आदेश जारी नहीं होने से संविदा कर्मचारियों को 10 हजार से 15 हजार रुपए वेतन मिल रहा है। पिछले 6 महीनों से वेतन वृद्धि आदेश जारी नहीं होने के कारण कुक्कुट विकास निगम के पूरे प्रदेश से परिवार सहित आए हुए संविदा कर्मचारियों ने वैशाली नगर स्थित कुक्कुट विकास निगम के मुख्यालय पर कड़कती ठंड में धरना दिया और यह हड़ताल तब तक चलेगा जब तक विभाग आदेश जारी नहीं कर देता। मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा है कि वेतन वृद्धि आदेश की फाइल वल्लभ भवन मंत्रालय में पिछले डेढ़ महीने से चल रही है। बोर्ड की बैठक में शासन के ही प्रमुख सचिव के अध्यक्षता में पहले ही निर्णय हो गया फिर निर्णय पर आदेश जारी नहीं कर रहे फाइल को बेवजह फुटबाल बनी हुई है। आदेश जारी नहीं कर रहे पहली बात तो संचालक मंडल की बैठक जिसमें खुद प्रमुख सचिव अध्यक्ष थे में निर्णय लेने के कुक्कुट विकास निगम के अधिकारियों को केवल आदेश जारी करना था फाइल को आदेश की अनुमति के लिए मंत्रालय वल्लभ भवन में भेजना ही नहीं था। मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा है कि यदि आदेश जारी नहीं किए तो पूरे प्रदेश के समस्त विभागों के संविदा कर्मचारी धरने पर बैठेंगे। आज के धरने को संयुक्त मोर्चे के अध्यक्ष एम पी द्विवेदी, निगम मंडल कर्मचारी समन्वय महासंघ के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव नीलू, लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के अध्यक्ष अनिल बाजपैयी, वाहन चालक संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह, जफर खान, नगर निगम कर्मचारी संघ के सुर सुरी प्रसाद पटेल, निगम मंडल के कर्मचारी नेता श्याम सुंदर शर्मा ने सम्बोधित किया।

कंटेनर में लोड जहरीला कचरा, इंदौर में विरोध

भोपाल,(निप्र)। यूनियन कार्बाइड (यूका) फैक्ट्री के गोदाम में रखा 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा 12 कंटेनर में लोड हो चुका है। अनुमान है कि इन कंटेनरों को 250 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रात में ही पीथमपुर रवाना कर दिया जाए। अफसरों का कहना है कि कंटेनर उस समय रवाना किए जाएंगे, जब सड़क पर ट्रैफिक नहीं रहेगा।

बता दें कि जहरीला कचरे को यूका से ले जाने की तैयारी रविवार दोपहर से शुरू हुई थी। 1 कंटेनर में एवरेज 30 टन कचरा भरा गया है। इस काम में 200 से ज्यादा मजदूर लगे। जिनकी 8 घंटे की बजाय 30 मिनट की शिफ्ट लगाई गई। हर प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है। मंगलवार रात तक कचरे को बैग्स में भरकर उन्हें कंटेनरों में लोड किया गया।

100 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, सुरक्षा में जाएगा कचरा

जहरीले कचरे को कड़ी सुरक्षा के साथ ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर भेजा जाएगा। यहां कचरे को रामकी एनवायरो में जलाया जाएगा। बता दें कि, हाईकोर्ट ने 6 जनवरी तक इसे हटाने के निर्देश दिए थे। 3 जनवरी को सरकार को हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करना है। इसलिए आज या कल रात तक हर हाल में कचरा पीथमपुर भेजना ही है। रामकी कंपनी इसका निष्पादन करेगी। कचरे को ले जाने के दौरान करीब 100 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

सभी रास्ते बंद किए, 200 मीटर का हिस्सा सील

फैक्ट्री कैंपस के 200 मीटर के दायरे को सील कर दिया गया है। अंदर जाने के सभी रास्ते बंद किए गए हैं। 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हैं। गैस कांड के 40 साल बाद पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट (रामकी) कंपनी के एक्सपर्ट्स की मॉनिटरिंग में मजदूर ये कचरा कंटेनर में भर रहे हैं।

इधर, 10 से ज्यादा संगठनों ने किया 3 जनवरी को बंद का आह्वान

कचरा जलाने के विरोध में 10 से ज्यादा संगठनों ने 3 जनवरी को पीथमपुर बंद का आह्वान किया है। पीथमपुर क्षेत्र रक्षा मंच, पीथमपुर ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति, मप्र किसान सभा सहित कई संगठनों का कहना है, भोपाल का कचरा अमेरिका भेजा जाए। वहीं पीथमपुर बचाओ समिति 2 जनवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने की तैयारी में है।

इंदौर के डॉक्टर्स ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल एल्युमिनी एसोसिएशन ने पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा जलाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। एसोसिएशन के सदस्य डॉ. संजय लोढ़े व अन्य सदस्यों द्वारा लगाई गई इस याचिका में बिना ट्रायल और रिसर्च के कचरा निपटान पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी इसका विरोध किया है।



परंपरा और आस्था के साथ नए साल की शुरुआत

साल का पहला दिन, मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की कतार

भोपाल ,(निप्र)। राजधानी भोपाल में नव वर्ष के पहले दिन सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ठंड होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह से बिड़ला मंदिर, बड़वाले महादेव मंदिर, गुफा मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान से परिवार और देश के कल्याण की प्रार्थना की। मध्य प्रदेश में साल 2024 को विदाई देने के साथ ही नए साल 2025 का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मंगलवार की आधी रात के बाद भी लोग जश्न में डूबे रहे। साल के पहले दिन बुधवार को भी ऐसा ही माहौल नजर आया। प्रसिद्ध मंदिरों में भी सुबह से लोगों की कतार लगी हुई थी। भोपाल के मंदिरों में भी नए साल की पहली सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रसिद्ध बिड़ला मंदिर में भी भोपाल और आसपास रहने वाले लोग दर्शन के लिए लगातार आते रहे। भोपाल के वन विहार में एंट्री टिकट लेने के लिए लंबी लाइन लगी दिखाई दी। गाड़ियों की भी लंबी कतार देखी गईं। लोग परिवार और दोस्तों के साथ नया साल मनाने पहुंचे।

12 बजते ही मंदिरों में उमड़ी भीड़

नए साल की शुरूआत भोपालवासियों ने परंपरा और आस्था के साथ की। जैसे ही घड़ी ने रात के 12 बजाए, शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां पीताम्बरा मंदिर, और बड़ा तालाब के किनारे स्थित मंदिर जैसे स्थलों पर लोग भगवान से आशीर्वाद लेने पहुंचे। भक्तों ने भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए नव वर्ष की शुरूआत के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में घंटियों की गूंज और श्रद्धालुओं की भीड़ ने आधी रात को एक आध्यात्मिक माहौल बना दिया।

भारी सुरक्षा के बीच जश्न

भोपाल में नव वर्ष के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र के नेतृत्व में शहरभर में 700 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। 31 दिसंबर 2024 की शाम 6 बजे से शहर के हर चौराहे और संवेदनशील इलाकों में पुलिस मुस्तैद थी। सुरक्षा के इस घेरे के बावजूद भोपालवासियों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और लोगों ने खुशी-खुशी नए साल का जश्न मनाया।

डीजे की धुन पर थिरका भोपाल

भोपाल का नव वर्ष स्वागत सिर्फ मंदिरों तक सीमित नहीं रहा। शहर के न्यू मार्केट, बिट्टन मार्केट, और लिंक रोड जैसे इलाकों में पार्टी का माहौल था। डीजे की धुन पर लोग रातभर थिरकते रहे। होटल, कैफे, और क्लबों में विशेष आयोजन किए गए। जहां युवा और परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 3 जनवरी से

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 3 से 6 जनवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के साथ सबसे अधिक विद्यार्थी और 200 से अधिक शिक्षक शामिल होंगे।

राजधानी भोपाल में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 3 से 6 जनवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के साथ सबसे अधिक विद्यार्थी और 200 से अधिक शिक्षक शामिल होंगे।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में देश के 700 से अधिक विद्यार्थी, उनके शिक्षक और मेंटर भाग लेंगे। साथ ही बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों के छात्र भी शामिल होंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय ?स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना? है। इस विषय को पांच उप-विषयों में विभाजित किया गया है, जिनमें पारिस्थितिकी तंत्र की समझ, पोषण व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, आत्मनिर्भरता के लिए पारिस्थितिकी दृष्टिकोण, तकनीकी नवाचार और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय बाल विकास कांग्रेस एक राष्ट्रीय विज्ञान संचार कार्यक्रम है, जिसकी शुरूआत 1993 में हुई थी। यह भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद के द्वारा आयोजित किया जाता है। इसमें 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग लेते है। वराह मिहिर वेधशाला का ऑटोमेशन का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ.यादव वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला के ऑटोमेशन का उद्घाटन भी करेंगे। इससे विज्ञान और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नई पहचान मिलेगी। ऑटोमेशन होने से आम नागरिक अब घर बैठे ही वेधशाला के टेलीस्कोप का उपयोग कर सकेंगे।

पुलिस की सक्रियता से शांतिपूर्वक मना नववर्ष

भोपाल ,(निप्र)। नए साल 2025 के जश्न के दौरान प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहें व किसी प्रकार की घटना दुर्घटना न हो इसे लेकर पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के दिशा निर्देशन में प्रदेश पुलिस द्वारा विगत कई दिनों पूर्व से ही तैयारी कर ली गई थी। इसका असर यह रहा कि पूरे शहर में 31 दिसंबर की रात में किसी भी प्रकार का कोई विवाद या अप्रिय घटना या दुर्घटना नही हुई। पुलिस की कड़ी निगरानी और सख्त सुरक्षा व्यवस्था के चलते नागरिकों ने सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष के स्वागत का उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। 31 दिसम्बर की व्यवस्था के तहत सभी जिलों में हजारों का अतिरिक्त बल सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए लगाया गया था, जिनके द्वारा पूरे प्रदेश में चेकिंग पॉइंट्स लगाए थे। इन चेकिंग पॉइंट्स पर अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक से लेकर थाना प्रभारी तक सक्रिय रूप से मौजूद रहे और थानों का भी 60 प्रतिशत से ज्यादा बल, फिल्ड में ही तैनात रहकर, नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए था। प्रदेश में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिये आउटर व इनर सर्कल की व्यवस्था लगाई गई थी, जिसके तहत बाहरी क्षेत्रों से नशे की सप्लाय न हो व कोई अवैध गतिविधियां न हो इसको लेकर, काइम ब्राचं की मोबाइल टीमें भी लगातार पेट्रोलिंग कर रहीं थी। जगह-जगह चेकिंग पॉइंट लगाए थे, जिससे हुड़दंग करने वाले सचेत रहे। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण ने भी खुद देर रात तक चेकिंग पॉइंट पर जाकर मॉनिटरिंग की। पुलिस द्वारा तय समय अनुसार सारे पब व बार एवं अन्य आयोजनों को बंद करवाया गया तथा रोड़ पर कोई भी नशा कर वाहन न चलाएं इसको लेकर सघन चैकिंग की गयी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महिला अधिकारी के नेतृत्व में महिला पीसीआर मय महिला बल के साथ लगाई गयी थी, जो शहरों के विभिन्न क्षेत्रों में पब बार व विभिन्न आयोजन में महिलाओं की सुरक्षा पर नजर रख रही थी।

सीएम हाउस में लगेगा जनता दरबार नए साल पर सरकार दे सकती है कई सौगात

भोपाल ,(निप्र)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव नए साल 2025 में मध्य प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात देने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अपने निवास पर जनता दरबार लगाने जा रहे हैं। सीएम सचिवालय की ओर से इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी हैं। अगर सब कुछ सही रहा तो 6 जनवरी से ही मध्यप्रदेश में सीएम डॉ.मोहन यादव का जनता दरबार लग सकता है।

पूर्व सीएम उमा भारती और दिग्विजय भी लगा चुके हैं जनदरबार-बता दें कि मध्यप्रदेश में पहले पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और उमा भारती भी जनता दरबार लगा चुकी हैं। उमा भारती जब मुख्यमंत्री थीं तब जनता दरबार लगता था। ऐसे में चर्चा है कि मध्यप्रदेश में एक बार फिर जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। बताया जा रहा है सीएम सचिवालय की ओर से सीएम मोहन यादव के जनता दरबार का खाका भी तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री निवास में लगने वाले जनता दरबार में सभी सरकारी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी अपने अधिकारियों को देंगे। नए साल के आगाज के साथ 6 जनवरी से मध्यप्रदेश वासियों को जनता दरबार की सौगात सीएम दे सकती हैं।

बता दें कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार के समय ततकालीन सीएम दिग्विजय सिंह और इसके बाद बीजेपी की सरकार में पूर्व सीएम उमा भारती के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री निवास में जनता दरबार लगाया जाता था। जिसमें सप्ताह के निश्चित दिनों में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती सीधे जनता से मिलती थीं और मौके पर ही वहां मौजूद अधिकारियों के साथ तत्काल उन समस्याओं के निराकरण के निर्देश देती थीं। हालांकि कुछ दिनों बाद जब जनता दरबार में भीड़ बढ़ने लगी, जिसे संभालना मुश्किल होने लगा तो ऐसे में इसे बंद करना पड़ गया था।

श्री भक्तांबर स्त्रोत अनुष्ठान एवं महाआरती

आष्टा ,(निप्र)। थर्टी फर्स्ट वर्ष 2024 की बिदाई की बैला पर श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज के जय जिनेंद्र महिला मंडल द्वारा शाम को भगवान के दरबार में श्री भक्तांबर स्त्रोत अनुष्ठान एवं 48 दीपों से महाआरती भक्ति भाव के साथ की गई। श्री चंद्र प्रभु मंदिर में सुबह भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर अभिषेक,शांति धारा के लाभार्थी राजेन्द्र कुमार नरेन्द्र कुमार गंगवाल रहे। वहीं शाम को जय जिनेंद्र महिला मंडल द्वारा वर्ष 2024 की बिदाई की बैला में श्री भक्तांबर स्त्रोत अनुष्ठान किया गया तथा 48 दीपों से महाआरती कर मंदिर में भगवान के दरबार को जगमग किया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

जमकर मनाया नववर्ष का जश्न 2025 की युवाओं ने की अगवानी

आष्टा ,(निप्र)। नए साल के एक दिन पहले 31 दिसंबर को शहर में शाम से ही जश्न का दौर शुरू हो गया था शहर के होटल, रेस्टोरेंट में शहर वासीयो ने सर्द रात में जमकर जश्न मनाया, धूमधाम से नए साल की अगवानी की डीजे पर लोग जमकर झूमे कुछ लोग दोस्तों के साथ जश्न मनाने पहुंचे कुछ परिवार के साथ बच्चों ने भी खूब नए वर्ष का जश्न मनाया अधिकांश युवाओं ने होटल में पहुंचकर नए साल की अगवानी की इधर कई लोग शहर से बाहर दूसरे प्रदेशों में जाकर नए वर्ष की शुरूआत की इधर लगातार दो दिनों से आष्टा पुलिस हाईवे सहित अन्य मार्गों पर सक्रिय रही।

रातभर हुई वाहन चेकिंग-उधर नए साल का हुड़दंग रोकने के लिए आष्टा पुलिस सक्रीय नजर आई एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया है कि शहर के सभी थाना क्षेत्र में चौराहे चौराहे पुलिस पुलिस बल तैनात रहा । शहर के भोपाल नाका, कन्नौद रोड ,भोपाल इंदौर मार्ग सहित अन्य मार्गों पर पुलिस वाहन चेकिंग करती हुई नजर आई साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों वाहनों पर कार्रवाई भी की गई देर रात दरगाह के पास शराब दुकान के पास जमकर हंगामा हुआ जानकारी लगते ही आष्टा पुलिस पहुंची और हंगामा करने वालों को थाने ले गई।

पूजा- अर्चना से नववर्ष की शुरूआत -बुधवार सुबह शहर वासियों ने नव वर्ष की शुरूआत मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना से की शहर के प्राचीन शंकर मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर,शनि मंदिर, गणेश मंदिर , राम मंदिर,गायत्री मंदिर सहित अन्य शहर के सभी मंदिरों में सुबह से भीड़ रही।